# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी

# मार्च, 2024

**संजीव वेबसाइट से निःशुल्क डाउनलोड करें**

**राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )**

**साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।**

**visit us at : www.sanjivprakashan.com**

# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी मार्च, 2024
# (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 March, 2024

### ■ केन्द्र सरकार ने बाघों के संरक्षण के लिए अन्तर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस (आइबीसीए) के गठन को मंजूरी दी–

29 फरवरी, 2024 को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल ने बाघों के संरक्षण के लिए वैश्विक नेटवर्क स्थापित करने के लिए बिग कैट एलायंस (आइबीसीए) के गठन को मंजूरी दी। इसका मुख्यालय भारत में होगा। गठबंधन में 96 बिग कैट रेंज वाले देश शामिल होंगे। बिग कैट परिवार में बाघ, शेर, तेंदुआ, प्यूमा, जगुआर और चीता शामिल होते हैं। वर्ष 2023-24 से 2027-28 तक आइबीसी के लिए 150 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2019 में बाघों के संरक्षण के लिए साझा मंच स्थापित करने का आह्वान किया था।

### ■ दिसम्बर तिमाही (अक्टूबर-दिसम्बर) में जीडीपी वृद्धि दर 8.4% रही–

29 फरवरी, 2024 को केन्द्र सरकार ने जीडीपी के आँकड़े प्रस्तुत किए। देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर दिसम्बर तिमाही (अक्टूबर-दिसम्बर) में 31 दिसम्बर, 2023 तक 8.4% की दर से बढ़ी है।

यह उपलब्धि मैन्युफैक्चरिंग (विनिर्माण) और कंस्ट्रक्शन (निर्माण) क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन के कारण हासिल हुई है। रिजर्व बैंक ने दिसम्बर तिमाही में 6.5% जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान जताया था।

वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान अब 7.6% किया है, जो पहले 7.3% था।

**एक वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी–**

| तिमाही | जीडीपी ग्रोथ रेट |
|---|---|
| दिसम्बर, 2022 | 4.4% |
| मार्च, 2023 | 6.1% |
| जून, 2023 | 8.2% |
| सितंबर, 2023 | 8.1% |
| दिसंबर, 2023 | 8.4% |

**5 वर्षों में जीडीपी का प्रदर्शन (* अनुमानित)**

| वर्ष | जीडीपी |
|---|---|
| 2019-20 | 3.7% |
| 2020-21 | –6.6% |
| 2021-22 | 8.7% |
| 2022-23 | 7.0% |
| 2023-24* | 7.6% |
| 2024-25* | 7.3% |

**8 कोर सेक्टर का उत्पादन (8 कोर सेक्टर्स का उत्पादन प्रतिशत में)–**

| सेक्टर | जनवरी, 2024 |
|---|---|
| कोयला | 10.2 |
| कच्चा तेल | 0.7 |
| प्राकृतिक गैस | 5.5 |
| रिफाइरी | –4.3 |
| उर्वरक | –0.6 |
| स्टील-लोहा | 7.0 |
| सीमेंट | 5.6 |
| बिजली | 5.2 |

**सबसे अधिक तेजी वाले सेक्टर्स**

| क्षेत्र | ग्रोथ रेट |
|---|---|
| मैन्युफैक्चरिंग | 11.6% |
| कंस्ट्रक्शन | 9.5% |
| बिजली | 9.0% |
| माइनिंग | 7.5% |
| फाइनेंस | 7.0% |
| होटल-ट्रांसपोर्ट | 6.7% |

**कृषि क्षेत्र : लगातार आ रही गिरावट**

| क्षेत्र | ग्रोथ रेट |
|---|---|
| दिसम्बर, 2022 | 04% |
| मार्च, 2023 | 3.5% |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

| क्षेत्र | ग्रोथ रेट |
|---|---|
| जून, 2023 | 3.5% |
| सितम्बर, 2023 | 1.6% |
| दिसम्बर, 2023 | –0.8% |

## Newspaper of 2 March, 2024

■ **पूर्व मिस इंडिया-त्रिपुरा रिंकी का निधन हुआ–**

हाल ही में पूर्व मिस इंडिया-त्रिपुरा रिंकी चकमा (28) का निधन हो गया है। उन्हें 2017 में मिस इंडिया-त्रिपुरा चुना गया था।

■ **फरवरी, 2024 में जीएसटी संग्रह 1,68,337 करोड़ रहा–**

फरवरी, 2024 में जीएसटी संग्रह सालना आधार पर 12.5% बढ़कर 1.68 लाख करोड़ रुपए रहा। मैन्यूफैक्चरिंग पीएमआई भी 5 माह के उच्चतम स्तर 56.9 पर पहुँच गया।

**गत 6 माह के जीएसटी संग्रह का प्रदर्शन–**

| माह | | जीएसटी का संग्रह |
|---|---|---|
| अगस्त, 2023 | — | 1,59,068 करोड़ रुपए |
| सितम्बर, 2023 | — | 1,62,712 करोड़ रुपए |
| अक्टूबर, 2023 | — | 1,72,003 करोड़ रुपए |
| नवंबर, 2023 | — | 1,67,929 करोड़ रुपए |
| दिसम्बर, 2023 | — | 1,64,882 करोड़ रुपए |
| जनवरी, 2023 | — | 1,74,106 करोड़ रुपए |
| फरवरी, 2023 | — | 1,68,337 करोड़ रुपए |

■ **रक्षा मंत्रालय के अनुसार नौसेना एवं वायुसेना के लिए ब्रह्मोस मिसाइल, रडार समेत 39,125 करोड़ रुपए के हथियार खरीदे जाएंगे। इसके लिए 5 सैन्य समझौते किए गए हैं। इन स्वदेशी रक्षा सौदों से भारतीय सेना को मजबूती मिलेगी तथा विदेशी मुद्रा की बचत भी होगी। इन 5 सौदों में से एक सौदा मिग-29 विमानों के एयरों इंजन की खरीद के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) के साथ किया गया है।**

## Newspaper of 6 March, 2024

■ **ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के मुताबिक दुनिया में अमीरों की सूची में प्रथम स्थान पर अमेजन के मालिक जेफ बेजोस आ गए हैं तथा टेस्ला के मालिक एलन मस्क दूसरे स्थान पर आ गए हैं।**

■ **देश में बेरोजगारी दर तीन साल के निचले स्तर 3.1% पर आयी–**

एनएसओ की ओर से जारी आँकड़ों के मुताबिक, 15 साल या इससे अधिक उम्र के लोगों की बेरोजगारी दर वर्ष 2023 में घटकर 3.1% रह गई। यह तीन साल का सबसे निचला स्तर है। वर्ष 2022 में यह 3.6% तथा वर्ष 2021 में 4.2% थी। बेरोजगारी में यह कमी शहरी बेरोजगारी में गिरावट आने के कारण आयी है। वर्ष 2023 में शहरी बेरोजगारी दर 5.9% से घटकर 5.2% पर आ गयी है।

**गत तीन वर्षों में भारत में बेरोजगारी दर–**

| वर्ष | पुरुष | महिलाएँ | कुल बेरोजगारी |
|---|---|---|---|
| 2021 | 4.5% | 3.4% | 4.2% |
| 2022 | 3.7% | 3.3% | 3.6% |
| 2023 | 3.2% | 3.0% | 3.1% |

(स्रोत : एनएसओ)

■ **वुशु स्टार चैंपियनशिप 2024 में वैष्णवी त्रिपाठी ने स्वर्ण पदक जीता–**

हाल ही में मास्को में वुशु स्टार चैंपियनशिप 2024 में मध्यप्रदेश के सतना की वैष्णवी त्रिपाठी ने 48 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। फाइनल मुकाबले में वैष्णवी ने रूस की खिलाड़ी को हराया।

## Newspaper of 7 March, 2024

■ **कोलकाता में देश की अंडर वाटर मेट्रो ट्रेन शुरू हुई–**

6 मार्च, 2024 को कोलकाता में देश की पहली अंडर वाटर मेट्रो ट्रेन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्घाटन किया। यह नदी के नीचे देश की पहली मेट्रो सुरंग है। यह मेट्रो ट्रेन कोलकाता से हावड़ा के बीच चलेगी, जिसमें 550 मीटर का सफर हुबली नदी के तल से 13 मीटर नीचे बनी टनल में होगा। यह टनल 45 सैकण्ड में पार होगी। पीएम मोदी ने कोलकाता में कवि सुभाष-हेमंत मुखोपाध्याय मेट्रो खंड और तारातला-माझेरहाट खंड का भी उद्घाटन किया।

■ **राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने वर्ष 2022-23 के संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार दिए–**

6 मार्च, 2024 को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने संगीत, नृत्य, नाटक और लोककलाओं में उत्कृष्टता हासिल करने वाले 94 कलाकारों (दो संयुक्त पुरस्कार) को वर्ष 2022-23 के संगीत नाटक अकादमी अवार्ड से सम्मानित किया है। इनमें राजस्थान से 4 कलाकार शामिल हैं।

- हिन्दुस्तानी इंस्ट्रूमेंटल सरोद वादन में बेहतरीन उपलब्धि हासिल करने वाले कलाकार वसंत काबरा को सम्मानित किया गया।
- अलाइड थिएटर आर्ट्स (लाइटिंग) में दौलतराम वैद को सम्मानित किया गया।
- भपंग वादन के लिए गफूरउद्दीन मेवाती जोगी को सम्मानित किया गया।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- सारंगी वादक मोइनुद्दीन खान को वर्ष 2023 का संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार दिया गया।

■ **केरल में सरकारी ओटीटी लॉन्च हुआ; सिर्फ मलयाली सिनेमा दिखेगा–**

7 मार्च, 2024 को केरल सरकार ने खुद का ओटीटी (ओवर द टॉप मीडिया सर्विस) प्लेटफॉर्म लॉन्च किया। यह देश का पहला सरकारी ओटीटी प्लेटफॉर्म है, जिसका नाम 'सी-स्पेस' है। इसे नेशनल अवॉर्डी और प्रख्यात फिल्म निर्माता शाजी एन. कारुन ने तैयार किया है। 'सी-स्पेस' से प्रदेश की संस्कृति केरल के अलावा दुनियाभर में फैले 64 लाख से अधिक मलयालियों तक पहुँच सकेगी। इसे प्लेस्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। शुरुआत में इस प्लेटफॉर्म में नेशनल अवॉर्डी 42 फिल्में होंगी। 'सी-स्पेस' 3 महीने फ्री रहेगा। इसके बाद 'पे पर व्यू यानी पीपीवी' मॉडल पर चलेगा, जिसमें हर फिल्म का रेंट 75 रुपये होगा। इसमें मलयाली सिनेमा ही दिखाएंगे। कमाई फिल्म निर्माता और प्लेटफॉर्म प्रमोटरों में 50-50 के अनुपात में बंटेगी। राज्य का संस्कृति विभाग इसे संभालेगा। प्लेटफॉर्म पर विज्ञापन भी लिए जाएंगे।

**केरल इनोवेशन में हमेशा आगे रहा–**

1970 में यहाँ 'केल्ट्रोन' नामक कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक स्कीम आई थी, जिसमें टीवी एवं फोन घर-घर पहुँचाए गए थे। अभी 1500 करोड़ का के-फोन प्रोजेक्ट चल रहा है, जिसमें 14 हजार गरीब परिवारों को 299 रुपये प्रति माह के हिसाब से 20 एमबीपीएस की स्पीड वाला सरकारी इंटरनेट मिल रहा है। इसमें 20 लाख परिवारों को जोड़ना है।

**ओटीटी मार्केट 2030 तक 30 हजार करोड़ का होगा–**

दुनिया के मुकाबले भारत में ओटीटी बिजनेस सबसे तेजी से बढ़ रहा है। 2022 में इसका बाजार 10,500 करोड़ रुपये का था, जो 2030 में 30 हजार करोड़ रुपये का हो जाएगा।

■ **थाइलैंड में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा पानी में तैरता (फ्लोटिंग) हाइब्रिड सोलर पावर प्लांट लगा है। यह हाइड्रोफ्लोटिंग सोलर हाइब्रिड पावर प्लांट थाइलैंड के खोनकेन में स्थित नदी में ग्रीन एनर्जी के टारगेट को पूरा करने के लिए लगाया गया है। इसे चीनी और थाई कंपनियों द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है।**

## Newspaper of 8 March, 2024

■ **केन्द्र सरकार ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) मिशन को मंजूरी दी–**

7 मार्च, 2024 को केन्द्र सरकार ने 10,371.92 करोड़ रुपए खर्च वाले महत्त्वाकांक्षी कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) मिशन को मंजूरी दी है। इसका नाम 'इंडिया एआई मिशन' रखा गया है।

- 'इंडिया एआई मिशन' के तहत देश में एआई कम्प्यूटिंग क्षमता स्थापित करने वाली निजी कंपनियों को सब्सिडी दी जाएगी। स्टार्ट-अप के लिए सीड फंडिंग भी प्रदान की जाएगी।
- एआई इकोसिस्टम बनाने के लिए 10,000 से अधिक जीपीयू वाली सुपरकम्प्यूटिंग क्षमता उपलब्ध कराई जाएगी। इसकी स्टार्टअप, शिक्षा जगत, शोधकर्त्ताओं व उद्योगों तक पहुँच होगी।
- एआई मिशन फंड का उपयोग बुनियादी ढाँचे के लिए होगा।
- राष्ट्रीय डाटा प्रबंधन अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो डाटा की गुणवत्ता में सुधार करने और एआई के विकास एवं इस्तेमाल के लिए सरकारी विभागों और मंत्रालयों के साथ समन्वय करेगा।

## Newspaper of 9 March, 2024

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत मंडपम में 200 से अधिक युवा हस्तियों को राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार (नेशनल क्रिएटर्स अवॉर्ड) से सम्मानित किया–**

8 मार्च, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के भारत मंडपम में 200 से ज्यादा युवा हस्तियों को राष्ट्रीय रचनाकार पुरस्कार से सम्मानित किया। ये पुरस्कार पहली बार दिए गए हैं। नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार कहानी सुनाने, सामाजिक परिवर्तन की वकालत, पर्यावरणीय स्थिरता, शिक्षा और गेमिंग समेत अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए शुरू किए गए हैं।

**प्रमुख श्रेणियों के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार विजेता/प्राप्तकर्ता–**

| | |
|---|---|
| **कीर्तिका गोविंदासामी** | कहानीकार |
| **रणवीर अल्लहबादिया** | डिसरप्टर ऑफ द ईयर |
| **पंक्ति पांडे** | ग्रीन चैंपियन |
| **जया किशोरी** | सामाजिक परिवर्तन |
| **मैथिली ठाकुर** | सांस्कृतिक राजदूत |
| **ड्रू हिक्स** | अंतरराष्ट्रीय रचनाकार |
| **कामिया जानी** | यात्रा |
| **गौरव चौधरी** | टेक |
| **मल्हार कलांबे** | स्वच्छता |
| **जान्हवी सिंह** | हेरिटेज फैशन |
| **श्रद्धा** | क्रिएटिव क्रिएटर्स (महिला) |
| **आरजे रौनक** | क्रिएटिव क्रिएटर्स (पुरुष) |
| **नमन देशमुख** | शिक्षा |
| **अंकित बैयानपुरिया** | हेल्थ-फिटनेस |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

| | |
|---|---|
| **निश्चय** | गेमिंग |
| **अरिदमन** | माइक्रो क्रिएटर |
| **पीयूष पुरोहित** | नैनो क्रिएटर |
| **अमन गुप्ता** | सेलिब्रिटी क्रिएटर |
| **मृणाल डबास** | जैविक खेती |

- **8 मार्च, 2024 को आईएनएएस 318 की 40वीं वर्षगांठ और अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अंडमान और निकोबार कमान द्वारा पहला पूर्ण महिला समुद्री निगरानी मिशन शुरु किया गया। आईएनएस उत्क्रोश पर आधारित इस मिशन में लेफ्टिनेंट कमांडर शुभांगी, दिव्या शर्मा एवं लेफ्टिनेंट वैशाली मिश्रा शामिल थीं।**

उल्लेखनीय है कि आईएनएएस 318 अंडमान और निकोबार कमांड में विशिष्ट नौसेना एयर स्क्वाड्रन है।

## Newspaper of 10 March, 2024

- **चेक गणराज्य की क्रिस्टीना पिज्कोवा मिस वर्ल्ड-2024 चुनी गईं–**

चेक गणराज्य की क्रिस्टीना पिज्कोवा मिस वर्ल्ड-2024 चुनी गईं। लेबनान की यास्मिना जायटौन फर्स्ट रनर अप रहीं। वर्ष 2022 की मिस वर्ल्ड पोलैंड की कैरोलिना बिलावस्का ने उन्हें विश्व सुन्दरी का ताज पहनाया।

71वीं मिस वर्ल्ड-2024 प्रतियोगिता 28 साल बाद भारत की मेजबानी में मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित हुई। जिसमें 115 देशों की सुंदरियों ने हिस्सा लिया। भारत की ओर से सिनी शेट्टी प्रतिभागी थीं। वे टॉप-8 तक तो प्रतियोगिता का हिस्सा रहीं, परन्तु टॉप-4 में जगह नहीं बना पाई और प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

इस कार्यक्रम की मेजबानी फिल्म निर्माता करण जौहर और 2013 में मिस वर्ल्ड रहीं मेगन यंग ने की। इस कार्यक्रम में मिस वर्ल्ड ह्यूमैनिटेरियन अवॉर्ड नीता अंबानी को दिया गया।

## Newspaper of 12 March, 2024

- **पीएम नरेन्द्र मोदी ने द्वारका एक्सप्रेस-वे के 19 किमी लम्बे हिस्से का उद्घाटन किया–**

11 मार्च, 2024 को पीएम नरेन्द्र मोदी ने द्वारका एक्सप्रेस-वे के 19 किमी. लम्बे हरियाणा खंड सहित 1 लाख करोड़ रुपए की 112 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। द्वारका एक्सप्रेस-वे का निर्माण 4100 करोड़ रुपए में हुआ है। इस पर देश का पहला ऐसा एलिवेटेड अर्बन एक्सप्रेस-वे है, जो सिंगल पिलर पर आठ लेन का है। द्वारका एक्सप्रेस-वे से दिल्ली-गुरुग्राम के बीच ट्रेफिक का भार कम होगा तथा सफर 20 मिनट में तय हो जाएगा। इसका 19 किमी. हिस्सा हरियाणा में तथा शेष 10 किमी. दिल्ली में होगा।

- **केन्द्र सरकार ने देश में सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) लागू किया; गैर-मुस्लिम शारणार्थियों को देश की नागरिकता मिलेगी।**

11 मार्च, 2024 को केन्द्र सरकार ने सिटीजनशिप अमेंडमेंट एक्ट (सीएए) 2024 लागू किया। इसके तहत तीन पड़ोसी देशों (अफगानिस्तान, पाकिस्तान व बांग्लादेश) से 31 दिसम्बर, 2014 से पहले आए हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी एवं इसाई समुदाय के शरणार्थियों को नागरिकता मिल सकेगी। नागरिकता के लिए कोई दस्तावेज नहीं माँगा गया है।

- **5000 किमी रेंज वाली न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 के नए संस्करण का सफल परीक्षण किया गया–**

11 मार्च, 2024 को 5000 किमी. रेंज वाली न्यूक्लियर बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि-5 के नए संस्करण का सफल परीक्षण किया गया। इस मिसाइल को स्वदेशी मल्टीपल इंडिपेंडेंटली टारगेटेबल री-एंट्री व्हीकल (एमआईआरवी) तकनीक से लैस किया गया है, अर्थात् यह एक साथ कई टारगेट पर सटीक परमाणु हमला कर सकती है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने इसे 'दिव्यास्त्र' का नाम दिया है।

'दिव्यास्त्र' की पूरी तकनीक, प्रोपल्शन सिस्टम, रॉकेट, एडवांस्ड नेगिवेशन 100% स्वदेशी है। इसे डीआरडीओ ने 10 साल में तैयार किया है। ये 1.5 टन के कई परमाणु हथियार ले जा सकती है। इसमें हाई एक्यूरेसी सेंसर पैकेज है, जो यह तय करता है कि धरती के वातावरण में दोबारा प्रवेश करते ही सटीक निशाने पर पहुँचे।

- **वर्ष 2024 के ऑस्कर पुरस्कार प्रदान किए गए–**

वर्ष 2024 के ऑस्कर पुरस्कार/96वें अकादमी पुरस्कार 10 मार्च, 2024 को लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया के डॉल्बी थियेटर में आयोजित हुए समारोह में दिए गए। समारोह के दौरान वर्ष 2023 में रिलीज हुई फिल्मों का सम्मान करते हुए 23 श्रेणियों में अकादमी पुरस्कार प्रदान किए गए। इसमें 'ओपेनहाइमर' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म सहित कुल 7 पुरस्कार जीते। ओपेनहाइमर को ऑस्कर 2024 में 13 श्रेणियों में नामांकन मिला। इसके बाद 'पुअर थिंग्स' को 4 ऑस्कर अवार्ड मिले।

**2024 के ऑस्कर विजेताओं की सूची–**

- **बेस्ट पिक्चर–**ओपेनहाइमर
- **बेस्ट एक्ट्रेस–**एम्मा स्टोन (पुअर थिंग्स)

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **बेस्ट एक्टर**–किलियन मर्फी (ओपेनहाइमर)
- **बेस्ट डायरेक्टर**–क्रिस्टोफर नोलन (ओपेनहाइमर)
- **बेस्टर ओरिजनल सॉन्ग**–व्हाट वाज आई मेड फॉर (बार्बी)
- **बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर**–रॉबर्ट डाउनी जूनियर (ओपेनहाइमर)
- **बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस**–डा' वाइन जॉय रैंडोल्फ (द होल्ड ओवर्स)
- **बेस्ट ओरिजनल स्कोर**–लुडविग गोरानसन (ओपेनहाइमर)
- **बेस्ट साउंड**–द जोन ऑफ इंटरेस्ट
- **बेस्ट लाइव एक्शन शॉर्ट फिल्म**–द वंडरफुल स्टोरी ऑफ हेनरी शुगर
- **बेस्ट सिनेमेटोग्राफी**–ओपेनहाइमर
- **बेस्ट डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म**–20 डेज इन मारियुपोल
- **बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म**–द लास्ट रिपेयर शॉप
- **बेस्ट फिल्म एडिटिंग**–ओपेनहाइमर
- **बेस्ट विजुअल इफेक्ट**–गॉडजिला माइनस वन
- **बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म**–द जॉन ऑफ इंटरेस्ट
- **बेस्ट कॉस्ट्यूम डिजाइन**–पुअर थिंग्स
- **बेस्ट प्रोडक्शन डिजाइन**–पुअर थिंग्स
- **बेस्ट मेकअप एंड हेयरस्टाइलिंग**–पुअर थिंग्स
- **बेस्ट एडेप्टेड स्क्रीनप्ले**–अमेरिकन फिक्शन
- **बेस्ट ओरिजनल स्क्रीनप्ले**–एनाटॉमी ऑफ द फॉल
- **बेस्ट एनिमेटेड फीचर फिल्म**–द बॉय एंड द हेरॉन
- **एनिमेटेड शॉर्ट मूवी**–वॉर इज ओवर! जॉन और योको के संगीत से प्रेरित।

भारत ने पिछले साल 'नाटू-नाटू' (आरआरआर) गीत और डॉक्यूमेंटरी 'द एलिफेंट विस्पर्स' के लिए पहली बार दो ऑस्कर अवॉर्ड जीतकर कमाल किया था। इस बार भारतीयों की नजरें कनाडा में रहने वाली भारतीय मूल की फिल्मकार निशा पाहुजा की झारखंड के एक रेप केस पर आधारित डॉक्यूमेंटरी 'टू किल ए टाइगर' पर टिकी थीं, लेकिन इस श्रेणी में यूक्रेन की '20 डेज इन मारियुपोल' विजेता रही।

**Newspaper of 13 March, 2024**

■ **केन्द्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता के आवेदन के लिए पोर्टल लॉन्च किया–**

12 मार्च, 2024 को केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता के आवेदन के लिए पोर्टल indiancitizenshiponline.nic.in लॉन्च किया है। 11 मार्च, 2024 को सीएए की अधिसूचना जारी की गई थी। इस पोर्टल पर 31 दिसम्बर, 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए छह अल्पसंख्यक समुदायों (हिन्दू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी व इसाई) के प्रवासी (शरणार्थी) नागरिकता के लिए आवेदन के पात्र होंगे। इसके लिए आवेदन फीस 50 रुपए रखी गई है।

■ **जैसलमेर में तीनों सेनाओं का संयुक्त युद्धाभ्यास हुआ–**

12 मार्च, 2024 को तीनों सेनाओं का 'भारत शक्ति युद्धाभ्यास' हुआ। तीनों सेनाओं के इस पहले संयुक्त युद्धाभ्यास में स्वदेशी हथियारों ने जमकर गर्जना की। इसमें 100 स्वदेशी ड्रोन से एक साथ टारगेट ध्वस्त किए। पहली बार अर्जुन टैंक को ड्रोन से गोला-बारूद भेजे गए। सेना 10 साल में स्वदेशी कंपनियों से 6 लाख करोड़ रुपए के हथियार खरीद चुकी है। युद्धाभ्यास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में हुआ। इसी दिन युद्धाभ्यास के स्थान से 1000 किमी दूर तथा जैसलमेर शहर से 3 किमी दूर भील समाज के छात्रावास पर तेजस लड़ाकू विमान क्रैश हो गया। तेजस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने का यह पहला मामला सामने आया है।

■ **भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) ने आधार कार्ड में फ्री अपडेट करने की डेडलाइन 14 जून, 2024 तक बढ़ा दी है–**

यह मियाद 14 मार्च, 2024 को समाप्त हो रही थी। अब लोग डेमोग्राफिक जानकारी, जन्म तारीख, जेंडर, मोबाइल नंबर और ईमेल आदि की जानकारी नि:शुल्क अपडेट कर सकते हैं। फ्री सेवा सिर्फ 'माय आधार पोर्टल' पर उपलब्ध होगी। आधार केन्द्रों पर डिटेल अपडेट करने के लिए 50 रुपए का भुगतान करना होगा।

■ **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साबरमती आश्रम के पुनर्विकास की आधारशिला रखी; 85 हजार करोड़ की रेल परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकर्पण किया–**

12 मार्च, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साबरमती आश्रम के पुनर्निर्माण परियोजना की आधारशिला रखी। इस आश्रम का 1200 करोड़ रुपए से कायाकल्प हो रहा है। योजना के तहत इस आश्रम को विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अहमदाबाद से वर्चुअली रेलवे की करीब 85 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिसमें राजस्थान को आठ डेडेकेटेड फ्रेट कॉरिडोर स्टेशन की सौगात मिली। जयपुर जंक्शन पर वन स्टेशन, वन प्रोडक्ट की स्टॉल का भी शुभारम्भ किया। यात्री अब जयपुर जंक्शन से बेडशीट, दोहर रजाई, कुर्ती, साड़ी आदि खरीद सकेंगे।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

प्रधानमंत्री ने कोटा मंडल को गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर, कोटा, बारां, भरतपुर एवं सुवासरा पर एक स्टेशन, एक उत्पाद स्टॉल, सवाई माधोपुर स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र, माल डिब्बा मरम्मत कारखाना का आधुनिकीकरण, रामगंजमंडी-भोपाल नई रेललाइन परियोजना के अंतर्गत अकलेरा-घाटोली नई रेल लाइन परियोजना की सौगात दी।

झालावाड़ में नवनिर्मित घाटोली स्टेशन का लोकार्पण किया गया। रामगंजमंडी-भोपाल नई रेललाइन परियोजना के तहत कुल 276 किलोमीटर शामिल है।

पाली में डीएफसी के न्यू हरिपुर और न्यू चण्डावल रेलवे स्टेशन का लोकार्पण, हरिपुर से मोरीबेडा 145 किमी. मालवाहक रेल लाइन का लोकार्पण, डीएफसी के नए मारवाड़ स्टेशन, न्यू बरोलिया रेलवे स्टेशन का लोकार्पण किया।

## Newspaper of 14 March, 2024

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1.25 लाख करोड़ रुपए की 3 सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का शिलान्यास किया–**

13 मार्च, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1.25 लाख करोड़ रुपए की तीन सेमीकंडक्टर परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इसमें दो गुजरात व एक असम में होगी।

पहले सेमीकंडक्टर सेट का रोलआउट गुजरात के धौलेरा में टाटा के इलेक्ट्रॉनिक प्लांट में होगा। दिसम्बर, 2026 में इस प्लांट से पहली चिप पेश की जाएगी। धोलेरा प्लांट 2,85,055 नैनोमीटर नोड में चिप्स बनाएगा। मेड इन इंडिया सेमीकंडक्टर चिप देश को आत्मनिर्भरता और आधुनिकता की ओर ले जाएगी। सेमीकंडक्टर परियोजनाओं में गुजरात के धोलेरा में भारत का पहला फैब संयंत्र और साणंद में आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट केन्द्र शामिल हैं। असम के मोरीगांव में 27,000 करोड़ रुपए की लागत वाली आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट परियोजना होगी।

- **उत्तराखण्ड यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बना; विधानसभा में पारित विधेयक को राष्ट्रपति की मंजूरी मिली–**

उत्तराखण्ड समान नागरिक संहिता कानून (यूसीसी) लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है। 13 मार्च, 2024 को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उत्तराखंड विधानसभा में पारित समान नागरिक संहिता विधेयक को मंजूरी दे दी।

समान नागरिक संहिता विधेयक उत्तराखण्ड विधानसभा में 6 फरवरी, 2024 को पेश किया गया था।

अब उत्तराखण्ड में यूसीसी लागू होने से सभी नागरिकों को समान अधिकार मिलने के साथ महिलाओं के उत्पीड़न पर भी लगाम लगेगी।

विधेयक में मुख्य रूप से महिला अधिकारों के संरक्षण को केन्द्र में रखा गया है। कुल 192 पृष्ठों के विधेयक को 4 खंडों विवाह-विच्छेद, उत्तराधिकार, सहवासी संबंध तथा विविध में बाँटा गया है।

## Newspaper of 15 March, 2024

- **इंफोसिस कंपनी के संस्थापक नारायण मूर्ति की पत्नी तथा लेखिका व समाजसेवी राज्यसभा सांसद बनीं। उन्होंने 14 मार्च, 2024 को राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के समक्ष संसद के उच्च सदन के सदस्य के तौर पर शपथ ली।**

- **'एक देश-एक-चुनाव' की रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपी–**

14 मार्च, 2024 को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय कमेटी ने 'एक देश-एक चुनाव' पर अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को सौंप दी है। इसमें पहले चरण में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने, जबकि दूसरे चरण में नगर पालिकाओं व पंचायतों के चुनाव भी इन दोनों चुनावों के साथ कराने की सिफारिश की गई है। यह रिपोर्ट लोकसभा चुनावों के बाद कैबिनेट के समक्ष रखी जाएगी। कैबिनेट के फैसले के अनुरूप कानून मंत्रालय संविधान में वे नए खंड जोड़ेगा, जिनकी सिफारिश कमेटी ने की है। इससे संबंधित विधेयक दोनों सदनों में पारित कराया जाएगा व विधानसभाओं से भी प्रस्ताव पारित करने की सिफारिश की जाएगी। इससे निम्न फायदें होंगे–

- **धन की बचत :** हर साल चुनावों पर खर्च होने वाली भारी धनराशि की बचत होगी। 1951-1952 के लोकसभा चुनाव में 11 करोड़ रुपए खर्च हुए थे, जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में यह खर्च 60 हजार करोड़ रुपए तक पहुँच गया।
- **विकास पर ध्यान :** बार-बार चुनाव से पूरा सरकारी तंत्र और संसाधन प्रभावित होते हैं। सुरक्षा बलों, पुलिस और सरकारी कर्मचारियों को ड्यूटी पर लगाना पड़ता है। बार-बार आचार संहिता लगने से जरूरी घोषणाएँ नहीं हो पातीं और विकास की रफ्तार धीमी पड़ती है।
- **काले धन पर अंकुश :** एक देश-एक चुनाव से काले धन और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा। चुनावों के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों पर काले धन के इस्तेमाल का आरोप लगता रहा है। जितनी बार चुनाव होते हैं, काले धन का इस्तेमाल उसी अनुपात में बढ़ जाता है।

- **यूसीसी-370 का ड्राफ्ट बनाने वाले दो पूर्व आईएएस सुखबीर सिंह संधू और केरल कैडर के ज्ञानेश कुमार गुप्ता चुनाव आयुक्त बने–**

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

14 मार्च, 2024 को यूसीसी-370 का ड्राफ्ट बनाने वाले दो पूर्व आईएएस डॉ. सुखबीर सिंह संधू और ज्ञानेश कुमार गुप्ता को चुनाव आयुक्त बनाया गया है। डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने उत्तराखण्ड में चीफ सेकेट्री रहते समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करवाने और ज्ञानेश कुमार गुप्ता ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय में नियुक्ति के दौरान जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दोनों ही 1988 बैच के आईएएस अफसर हैं।

■ **रेटिंग एजेंसी फिच ने वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.5% से बढ़ाकर 7% कर दिया है। फिच ने कहा कि मजबूत घरेलू माँग और निवेश में बढ़ोत्तरी से अर्थव्यवस्था बेहतर दर से बढ़ेगी। फिच ने वर्ष 2024 के अंत तक रिटेल महँगाई गिरकर 4% आने का अनुमान लगाया है।**

## Newspaper of 16 March, 2024

■ **भारत सरकार ने नई ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स) नीति का ऐलान किया; आयात शुल्क घटाकर 15% किया; नई नीति से विदेशों से आने वाली ईवी कारें 45% तक सस्ती होंगी–**

15 मार्च, 2024 को भारत सरकार ने नई ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स) नीति का ऐलान किया। इसमें भारत को इलेक्ट्रिक व्हीकल्स का मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने पर जोर दिया गया है। इस पॉलिसी के तहत कंपनियों को देश में कम से कम 4150 करोड़ रुपए का निवेश करना होगा। इस नई नीति के तहत–

- 35000 डॉलर (लगभग 29 लाख रुपए) तक के इलेक्ट्रिक वाहनों पर आयात शुल्क को 15 प्रतिशत किया गया है। यह शुल्क पहले 70 से 100 प्रतिशत तक था।
- नई पॉलिसी कंपनियों के लिए सिर्फ 5 वर्षों के लिए जारी की गई है।
- इस नई पॉलिसी के तहत कंपनियाँ एक वर्ष में सिर्फ 8000 यूनिट भारत लाकर बेच सकेंगी। इस तरह पाँच वर्ष में केवल 40000 यूनिट बेचने की अनुमति होगी।
- इंपोर्ट की गई इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर ड्यूटी की रियायत की भी सीमा होगी। यह कुल निवेश या 6484 करोड़ रुपए, जो भी कम हो पर लागू होगी।
- नई पॉलिसी के अनुसार भारत में निवेश करने वाली कंपनियों को तीन साल में मैन्यूफैक्चरिंग और ईवी का कमर्शियल प्रोडक्शन शुरू करना होगा।

## Newspaper of 17 March, 2024

■ **चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तिथियों की घोषणा की; 19 अप्रैल से 01 जून, 2024 तक कुल 7 चरणों में चुनाव होंगे, मतगणना 4 जून, 2024 को होगी; राजस्थान में दो चरणों में 19 अप्रैल, 2024 व 26 अप्रैल, 2024 को चुनाव होंगे–**

16 मार्च, 2024 को चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 की तिथियों की घोषणा की। लोकसभा चुनाव 2024 19 अप्रैल, 2024 से 1 जून, 2024 तक कुल 7 चरणों में होंगे। मतगणना 4 जून, 2024 को होगी। राजस्थान में 19 अप्रैल एवं 26 अप्रैल, 2024 को दो चरणों में चुनाव होंगे।

**543 लोकसभा सीटों पर सात चरणों में चुनाव का तिथिवार कार्यक्रम इस प्रकार है–**

- **पहला चरण : 19 अप्रैल, 2024 (21 राज्य, 102 सीटें)** अरुणाचल प्रदेश (2), असम (5), बिहार (4), छत्तीसगढ़ (1), मध्य प्रदेश (6), महाराष्ट्र (5), मणिपुर (2), मेघालय (2), मिजोरम (1), नगालैंड (1), राजस्थान (12), सिक्किम (1), तमिलनाडु (39), त्रिपुरा (1), उत्तर प्रदेश (8), उत्तराखंड (5), प. बंगाल (3), अंडमान निकोबार (1), जम्मू-कश्मीर (1), लक्षद्वीप (1) और पुदुचेरी (1)।
- **दूसरा चरण : 26 अप्रैल, 2024 (13 राज्य, 89 सीटें)** असम (5), बिहार (5), छत्तीसगढ़ (3), कर्नाटक (14), केरल (20), मध्य प्रदेश (7), महाराष्ट्र (8), मणिपुर (1), राजस्थान (13), त्रिपुरा (1), उत्तर प्रदेश (8), प. बंगाल (3), जम्मू-कश्मीर (1)।
- **तीसरा चरण : 7 मई, 2024 (12 राज्य, 94 सीटें)** असम (4), बिहार (5), छत्तीसगढ़ (7), गोवा (2), गुजरात (26), कर्नाटक (14), मध्य प्रदेश (8), महाराष्ट्र (11), उत्तरप्रदेश (10), प. बंगाल (4), दादरा नगर हवेली (2), जम्मू-कश्मीर (1)।
- **चौथा चरण : 13 मई, 2024 (10 राज्य, 96 सीटें)** आंध्रप्रदेश (25), बिहार (5), झारखंड (4), मध्य प्रदेश (8), महाराष्ट्र (11), ओडिशा (4), तेलंगाना (17), उत्तरप्रदेश (13), प. बंगाल (8), जम्मू-कश्मीर (1)।
- **पाँचवाँ चरण : 20 मई, 2024 (8 राज्य, 49 सीटें)** बिहार (5), झारखंड (3), महाराष्ट्र (13), ओडिशा (5), उत्तर प्रदेश (14), प. बंगाल (7), जम्मू-कश्मीर (1), लद्दाख (1)।
- **छठा चरण : 25 मई, 2024 (7 राज्य, 57 सीटें)** बिहार (8), हरियाणा (10), झारखंड (4), ओडिशा (6), उत्तर प्रदेश (14), प. बंगाल (8), दिल्ली (7)।
- **सातवाँ चरण : 1 जून, 2024 (8 राज्य, 57 सीटें)** बिहार (8), हिमाचल प्रदेश (4), झारखंड (3), ओडिशा (6), पंजाब (13), उत्तर प्रदेश (13), प. बंगाल (9), चंडीगढ़ (1)।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

उत्तर प्रदेश, बिहार व प. बंगाल में सबसे ज्यादा 7 चरणों में वोटिंग होगी तथा 21 राज्यों में एक ही चरण में वोटिंग होगी। राजस्थान में कुल 25 लोकसभा सीटें हैं, जिनमें 2 चरणों में 19 अप्रैल, 2024 व 26 अप्रैल, 2024 को वोटिंग होगी।

**19 अप्रैल–12 सीट–**श्रीगंगानगर, चूरू, बीकानेर, झुंझुनूँ, नागौर, दौसा, भरतपुर, अलवर, जयपुर, जयपुर ग्रामीण, सीकर, करौली–धौलपुर।

**26 अप्रैल–13 सीट–**जोधपुर, बाड़मेर, जालोर–सिरोही, अजमेर, राजसमंद, पाली, भीलवाड़ा, कोटा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बाँसवाड़ा, झालावाड़–बारां, टोंक–सवाईमाधोपुर।

**बागीदौरा में उपचुनाव :** राजस्थान में बागीदौरा विधानसभा सीट पर उपचुनाव भी होगा, यहाँ 26 अप्रैल को मतदान होगा और 4 जून को ही परिणाम आएंगे।

लोकसभा चुनाव के साथ ही 4 राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा भी की गई।

**निम्नलिखित 4 राज्यों के विधानसभा चुनावों की भी तारीखें तय**

| | |
|---|---|
| ♦ **अरुणाचल प्रदेश (60 सीटें)** | 19 अप्रैल |
| ♦ **सिक्किम (32 सीटें)** | 19 अप्रैल |
| ♦ **आंध्रप्रदेश (175 सीटें)** | 13 मई |
| ♦ **ओडिशा (147 सीटें)** | 13, 20 व 25 मई तथा 1 जून। |

**मतगणना 04 जून, 2024 को होगी।**

## Newspaper of 19 March, 2024

### ■ व्लादिमीर पुतिन 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बने–

हाल ही में भारी मतों से जीतकर व्लादिमीर पुतिन रूस के 5वीं बार राष्ट्रपति बने हैं। उन्हें 88% वोट मिले हैं। दूसरे नंबर पर निकोलो सारितोनोव रहे उन्हें 4% वोट मिले।

## Newspaper of 21 March, 2024

### ■ गेहूँ–चावल पीएसएफ के दायरे में आया–

हाल ही में भारत सरकार ने आटा–चावल की बढ़ती कीमतों पर काबू पाने के लिए भारत आटा और चावल लॉन्च करने के बाद अब केन्द्र सरकार ने गेहूँ–चावल को भी प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड (पीएसएफ) के दायरे में ला दिया है। पीएसएफ फंड का उपयोग खाद्य वस्तुओं का बफर स्टॉक बनाने और कीमतें बढ़ने पर इन्हें बाजार में सस्ती कीमतों पर जारी करने के लिए किया जाता है। अब तक प्याज, आलू और दालें ही पीएसएफ का हिस्सा थीं, जिसमें अब गेहूँ और चावल को भी शामिल किया गया है। इस फंड के तहत सरकार एफसीआइ को प्रति क्विंटल गेहूँ के लिए 435 रुपए और चावल के लिए नेफेड, एनसीसीएफ को 200 रुपए की सब्सिडी देगी। उपभोक्ता मंत्रालय, बफर स्टॉक के लिए सीधे किसानों से 4 लाख टन तूअर और 2 लाख टन मसूर दाल खरीदेगा।

## Newspaper of 23 March, 2024

### ■ नरेन्द्र मोदी को भूटान का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिला–

22 मार्च, 2024 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पाने वाले वे पहले विदेशी शासनाध्यक्ष हैं। पीएम नरेन्द्र मोदी को भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने 'भारत–भूटान' संबंधों के विकास में उनके उत्कृष्ट योगदान और भूटानी राष्ट्र तथा इसके लोगों के लिए उनकी विशिष्ट सेवा के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया। भूटान ने अपनी स्थापना के बाद से यह पुरस्कार केवल चार हस्तियों को प्रदान किया है। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भूटान के विकास के लिए अगले पाँच वर्षों में 10 हजार करोड़ रुपए की मदद की जाएगी।

### ■ मलयालम भाषा की साहित्यकार प्रभा वर्मा को के.के. बिड़ला फाउंडेशन का 33वाँ सरस्वती सम्मान मिला–

हाल ही में मलयालम भाषा की साहित्यकार प्रभा वर्मा की काव्यकृति 'रौद्र सात्विकम्' को के.के. बिड़ला फउंडेशन के 33वें सरस्वती सम्मान के लिए चुना गया है। यह पुस्तक वर्ष 2022 में प्रकाशित हुई थी।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1991 से दिए जा रहे सरस्वती सम्मान के तहत 15 लाख रुपए नकद, प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न भेंट किया जाता है।

### ■ पहली बार इंसान में सूअर की किडनी का सफल प्रत्यारोपण हुआ–

हाल ही में अमेरिका के बोस्टन में मेसाचुसेट्स जनरल अस्पताल के डॉक्टरों ने पहली बार इंसान में सूअर की किडनी (गुर्दा) को ट्रांस्प्लांट किया है। सूअर की किडनी को मेसाचुसेट जनरल अस्पताल के साथ ईजेनेसिस ऑफ कैंब्रिज सेंटर के वैज्ञानिकों ने विकसित किया है। इस प्रक्रिया में वैज्ञानिकों ने पहले सूअर से रेट्रोवायरस को निष्क्रिय किया, इसके बाद इसमें इंसान के जीन को जोड़ा गया।

### ■ देश के पहले रियूजेबल लॉन्च व्हीकल 'पुष्पक' की सफल लैंडिंग हुई; रॉकेट लॉन्चिंग सस्ती होगी–

22 मार्च, 2024 को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कर्नाटक के चित्रदुर्ग में प्रातः 7.10 बजे स्वदेशी तकनीक से तैयार रियूजेबल लॉन्च व्हीकल (आरएलवी)

संजीव प्रकाशन
संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

'पुष्पक' की सफल लैंडिंग करवायी। इस तकनीक की मदद से रॉकेट लॉन्चिंग की लागत काफी कम आएगी।

- पुष्पक अंतरिक्ष यान की लंबाई 6.5 मीटर, वजन 1.75 टन है।
- रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल की क्षमता वाला भारत दुनिया का छठा देश है। अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन और जापान के पास भी ये व्हीकल हैं।
- पुष्पक के एडवांस वर्जन से सैटेलाइट लॉन्चिंग, स्पेस स्टेशन के लिए सामान और एस्ट्रोनॉट्स को भी ले जाया जा सकेगा। यह सैटेलाइट को अंतरिक्ष में छोड़कर वापस आएगा, ताकि फिर से उड़ान भर सके। इसरो इस प्रोजेक्ट को 2030 तक पूरा करेगा।

## Newspaper of 28 March, 2024

- विशाखापत्तनम में भारत-अमेरिकी त्रिसेवा 14 दिवसीय अभ्यास 'एक्स टाइगर ट्रायम्फ 2024' 18 मार्च, 2024 को शुरु हुआ। यह दो चरणों में हो रहा है। विशाखापत्तनम में हार्बर फेज के बाद काकीनाडा में इस युद्धाभ्यास समुद्री फेज सम्पन्न होगा।

## Newspaper of 29 March, 2024

- 28 मार्च, 2024 को स्वदेशी लाइट फाइटर जेट तेजस एमके 1 ए सीरीज के पहले जेट एलए 5033 ने पहली उड़ान बेंगलुरू में हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लि. के फैसिलिटी सेंटर से भरी। यह 18 मिनट तक आकाश में उड़ता रहा इसे ग्रुप कैप्टन (सेवानिवृत) के के वेणुगोपाल ने संचालित किया।

## Newspaper of 31 March, 2024

- **राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने चार विभूतियों को भारत रत्न दिया–**

30 मार्च, 2024 को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने चार हस्तियों को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से अलंकृत किया। सम्मान पाने वाली विभूतियाँ–

- पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव
- पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह
- कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन
- बिहार के दो बार सीएम रहे कर्पूरी ठाकुर

इन सभी को यह सम्मान मरणोपरान्त दिया गया।

**नरसिम्हा राव–**किसान परिवार में जन्मे। नौवे प्रधानमंत्री बने। आर्थिक उदारीकरण की राह खोली। नेहरू-गांधी परिवार से इतर कार्यकाल पूरा करने वाले पहले पीएम बने। दिसंबर 2004 में निधन। **बेटे पीवी प्रभाकर राव ने सम्मान ग्रहण** किया।

**चौधरी चरणसिंह–**मध्यम वर्ग परिवार में जन्मे। जाट नेता रहे। किसानों से अद्भुत जुड़ाव रहा। पाँचवें प्रधानमंत्री बने। जमींदारी उन्मूलन व भूमि सुधार में अमूल्य योगदान। मई 1987 में निधन। पोते जयंत चौधरी ने सम्मान ग्रहण किया।

**कर्पूरी ठाकुर–**गरीब परिवार में जन्मे। स्वतंत्रता सेनानी रहे। दो बार बिहार के मुख्यमंत्री रहे। दबे-पिछड़ा वर्ग के हितों के लिए काम किया। जन-नायक कहा जाता था। फरवरी 1988 में निधन। बेटे रामनाथ ठाकुर ने भारत रत्न प्राप्त किया।

**एमएस स्वामीनाथन–**साधारण परिवार में जन्मे। अमेरिका पर निर्भर देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया। हरित क्रांति के जनक माने जाते हैं। किसानों की समृद्धि का नया युग शुरू किया। सितंबर 2023 में निधन। बेटी नित्या राव ने सम्मान ग्रहण किया।

उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2024 में पाँच हस्तियों को भारत रत्न का सम्मान देने की घोषणा की थी। पूर्व उप-प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवानी को 31 मार्च, 2024 को उनके आवास पर ही राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने भारत रत्न से अलंकृत किया।

संजीव प्रकाशन


संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

# संजीव®

**49 वर्षों से आपका विश्वसनीय**

## आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी

## पशु परिचर एवं LDC परीक्षा हेतु उपयोगी पुस्तकें




**10 संभागों एवं 50 जिलों पर आधारित पूर्णतः नवीनतम अंक उपलब्ध**

## संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें




संजीव प्रकाशन

Join Our Telegram

**संजीव वेबसाइट एवं Telegram चैनल से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री निःशुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Book भी खरीद सकते हैं।**



प्रकाशक–संजीव प्रकाशन, जयपुर

Visit us at : www.sanjivprakashan.com